प्रेस नोट

दिनांक 05.11.2024

यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर वर्ष-2024

आज दिनांक 05.11.2024 को यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के प्रथम दिवस पर पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में मुख्य अतिथि मा0 सदर विधायक श्री मनोज प्रजापति की उपस्थिति में श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से लगभग 200 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान मा0 सदर विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा उपस्थित छात्रों एवं अन्य सभी लोगो को ट्रैफिक के नियमों के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित छात्रों से यातायात जागरूकता सम्बन्धी प्रश्न पूछे गए व सही जवाब देने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी हमीरपुर द्वारा उपस्थित सभी को शपथ दिलायी गयी कि कभी यातायात नियम नही तोड़ेंगे एवं उनसे अपेक्षा की गई कि आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे, यह भी बताया गया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

इसी क्रम में मा0 सदर विधायक, श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रैली द्वारा कस्बा हमीरपुर में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिला अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन/ट्रैफिक, प्रशिक्षु उपाधीक्षक, आर0टी0ओ0,ए0आर0एम0 हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिनांक

यातायात जन जागरूकता अभियान माह नवम्बर 2024
शुभारम्भ दिवस
दिनांक
05 नवम्बर 2024

यातायात जन जागरूकता अभियान माह नवम्बर

यातायात जन जागरूकता अभियान
शुभारम्भ दि
दिनांक

यातायात जन जागरूकता अभियान माह नवम्बर 2024
जागरूकता रैली
दीक्षा शर्मा
दिनांक
05 नवम्बर 2024
घनश्याम मीणा

यातायात जन जागरूकता अभियान माह नवम्बर 2024
जागरूकता रैली
दीक्षा शर्मा
दिनांक
05 नवम्बर 2024
घनश्याम मीणा